# अटल बिहारी वाजपेयी विश्वविद्यालय, बिलासपुर (छ0ग0)

**राष्ट्रीय सेवा योजना ''स्वर्ण जयंती वर्ष 2018-19''**
**कार्यक्रम अधिकारियों की एक दिवसीय कार्यशाला**

**स्वच्छ भारत ग्रीष्मकालीन इंटर्नशीप कार्यक्रम**

**01 मई 2018 से 31 जुलाई 2018**

## प्रतिवेदन








**प्रस्तुतकर्ता**

डॉ. मनोज कुमार सिन्हा

कार्यक्रम समन्वयक, रासेयो

बिलासपुर विश्वविद्यालय,बिलासपुर (छ.ग.)


स्वच्छ भारत एक कदम स्वच्छता की ओर

अपने घर में शौचालय बनवाए, बहु–बेटी का सम्मान बढ़ाएँ' - NSS, ABVVB

# स्वच्छ भारत ग्रीष्मकालीन इंटर्नशीप कार्यक्रम

भारत सरकार पेय जल एवं स्वच्छता मंत्रालय द्वारा मानव संसाधन विकास मंत्रालय, नई दिल्ली के सहयोग से अटल बिहारी वाजपेयी विश्वविद्यालय, बिलासपुर द्वारा दिनांक 01 मई 2018 से 31 जुलाई 2018 तक ''स्वच्छ भारत ग्रीष्मकालीन इंटर्नशीप -100 घंटे स्वच्छता के'' विषय पर विश्वविद्यालय स्तरीय जागरूकता कार्यक्रम मान्नीय कुलपति प्रो. जी.डी. शर्मा की अध्यक्षता में आयोजित की गई जिसमें विश्वविद्यालय के समस्त संबद्ध महाविद्यालय के राष्ट्रीय सेवा योजना स्वयं सेवकों द्वारा सघन जन आंदोलन के रूप में जागरूकता के लिये सहभागिता की गई। इस ग्रीष्मकालीन इंटर्नशीप कार्यक्रम में विशेष रूप से निर्मित पोर्टल पर महाविद्यालय के माध्यम से छात्र/छात्रा पंजीकृत होकर 100 घंटे की स्वच्छता से संबंधित कार्य भारत सरकार से प्राप्त दिशा-निर्देश के अनुरूप किया गया ।

इंटर्नशीप कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य शहरी एवं ग्रामीण क्षेत्र के युवाओं में स्वच्छता के प्रति जागरूकता बढ़ाना है।

स्वच्छ भारत अभियान के तहत विभिन्न संबद्ध महाविद्यालय से प्राप्त लगभग 300 छात्र-छात्राओं ने पंजीकृत होकर 100 घंटे की स्वच्छता इंटर्नशीप के कार्य पूर्ण किये 100 घंटे पूर्ण करने वाले छात्र-छात्राओं में से विश्वविद्यालय स्तरीय गठित समिति ने उत्कृष्ट कार्य करने वाले छात्र-छात्राओं का चयन कर, पुरस्कृत होने वाले निम्न नामों की अनुशंसा की गई :-

श्री तेज राम सारथी- के. जी. शासकीय कला एवं विज्ञान महाविद्यालय, रायगढ़ के बी.ए. तृतीय वर्ष का छात्र है जिसने विश्वविद्यालय स्तर पर प्रथम पुरस्कार प्राप्त किया। इस पुरस्कार के तहत छात्र को मान्नीय कुलपति महोदय द्वारा 30,000/- की राशि, सील्ड एवं प्रशस्ति पत्र के साथ प्रदान की गई। संबंधित छात्र ने इंटर्नशीप के तहत ग्राम पंचायत उच्चभट्ठी का चयन कर गांव को स्वच्छ, सुन्दर एवं जागरूक करने के लिये विभिन्न स्तरों मे कार्य किये गये जैसे - गांव में रैली निकालकर स्वच्छता का संदेश दिया गया, छत्तीसगढ़ में पहली बार टॉयलेट यात्रा निकाली गई। इसमें टॉयलेट का मॉडल थर्माकोल और पुट्ठे की सहायता से बनाया गया जिसे पूरे गांव में रिक्शे से घुमाकर लोगों को टॉयलेट के प्रयोग के बारे में संदेश दिया गया। ग्राम के देव स्थलों, पानी टंकी, गली मुहल्ले , नाली आदि की साफ-सफाई प्रमुख है। ग्राम के डैम के पास लगभग 1000 वृक्षारोपण का कार्य भी किया जो एक सराहनीय है।








समर इंटर्नशिप में स्वयंसेवकों ने किया श्रमदान

अपने घर में शौचालय बनवाए, बहु-बेटी का सम्मान बढ़ाएँ - NSS, ABVVB

उपेन्द्र यादव - कमला नेहरू महाविद्यालय, कोरबा के बी.कॉम द्वितीय वर्ष का छात्र है जिसने विश्वविद्यालय स्तर पर द्वितीय पुरस्कार प्राप्त किया। इस पुरस्कार के तहत छात्र को प्रो.जी.डी.शर्मा महोदय 20,000/- की राशि, सील्ड एवं प्रशस्ति पत्र के साथ प्रदान की गई। इंटर्नशीप के तहत ग्राम पंचायत नवागांव कला का चयन कर प्रत्येक घरों में निर्मित शौचालयों का सर्वेक्षण, लोगों से व्यक्तिगत सम्पर्क, शौचालय के उपयोग हेतु प्रेरणा, सुबह 04.30 बजे जाकर ग्रामवासियों को शौच के लिए बाहर जाने से रोकना व उनकी समस्याएं सुनना, चौपाल का आयोजन, महिला समिति स्वच्छाग्रही का निर्माण, सोख्ता गड्ढा का निर्माण, कूड़ेदान की सफाई, समर इंटर्नशिप प्रभारी श्री वाय. के. तिवारी कार्यक्रम अधिकारी कमला नेहरू महाविद्यालय,कोरबा की उपस्थिति में जनजागरूकता रैली का आयोजन, स्वच्छता के प्रेरक नारों का लेखन, ग्रामसभा में सहभागिता कर स्वच्छता तथा शौचालय के उपयोग करने की शपथ दिलाना इत्यादि कार्य लगभग 100 घंटे में पूर्ण किया गया ।







Weekend पत्रिका कोरबा सिटी

स्वयंसेवकों व स्कूली छात्र-छात्राओं ने स्वच्छता के प्रति किया जागरूक

कु. काजल गुप्ता - शासकीय बिलासा कन्या महाविद्यालय,बिलासपुर एम.ए. की छात्रा है। जिसने विश्वविद्यालय स्तर पर तृतीय पुरस्कार प्राप्त किया। इस पुरस्कार के तहत छात्रा को 10,000/- की राशि, सील्ड एवं प्रशस्ति पत्र के साथ प्रदान की गई। इन्होंने इंटर्नशीप के तहत ग्राम-बैमा, जिला बिलासपुर में जनजागरूकता रैली निकालकर एवं नुक्कड़ नाटक के माध्यम से घरों के आस पास की साफ-सफाई, शौचालय के उपयोग,मतदाता जागरूकता, वृक्षारोपण, आंगनबाड़ी में जाकर बच्चों की हाथ धुलाई, साफ सफाई से क्या लाभ है आदि का संदेश दिया।






Beti Bachao
Beti Padhao
BBBP Scheme

"बेटी घर की रानी है, उसको स्कूल जानी है" - NSS, ABVVB









स्वच्छता के लिए वेद परसदा में छात्रों ने चलाया जागरूकता अभियान


आयोजन स्वयंसेवकों का कॉलेज परिसर में स्वच्छता अभियान

स्वच्छ वातावरण से बनता है पढ़ाई का माहौल


मिनीमाता की रासेयो इकाई ने वृद्धाश्रम में किया सेवाकार्य


एनएसएस के स्वयं सेवकों ने चलाया स्वच्छता अभियान, किया जागरूक



"बापू जी का एक ही सपना, स्वच्छ भारत हो अपना" - NSS, ABVVB